# Rapid Fire करेंट अफेयर्स (3 जनवरी)

- केंद्र सरकार ने देना बैंक और विजया बैंक के बैंक ऑफ बड़ौदा में विलय को दी मंज़ूरी; केंद्र सरकार ने पिछले साल सितंबर में की थी इन बैंकों के विलय की घोषणा; स्टेट बैंक और ICICI बैंक के बाद देश का तीसरा सबसे बड़ा बैंक होगा विलय के बाद बनने वाला यह बैंक; बैंकिंग सेक्टर में सुधार के तहत उठाया गया है यह कदम
- केंद्र सरकार ने असम समझौते के क्रियान्वयन के लिये गठित की एक उच्चस्तरीय समिति; बोडो समुदाय से संबंधित कई लंबित मुद्दों के समाधान के लिये भी कई कदम उठाने का फैसला; केंद्र सरकार, असम सरकार और अखिल असम छात्र संघ ने 15 अगस्त 1985 को किये थे असम समझौते पर हस्ताक्षर; समिति इस समझौते के अनुच्छेद 6 की समीक्षा कर देगी अपनी सिफारिशें
- सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) के लिये सरकार ने पूर्व सेबी प्रमुख यू.के. सिन्हा की अध्यक्षता में गठित की एक समिति; इन उद्यमों को समय से ऋण सुविधा और इनकी आर्थिक और वित्तीय मजबूती के विषय में दीर्घकालिक उपाय सुझाने का काम करेगी यह समिति; समिति में कुल आठ सदस्य होंगे; समिति से जून 2019 के आखिर तक अपनी रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है; रिज़र्व बैंक द्वारा MSME उद्यमों के 25 करोड़ रुपए तक के फँसे कर्ज़ की एक बार पुनर्संरचना (Restructuring) की अनुमति देने के बाद इस समिति का हुआ गठन
- केंद्र सरकार ने हेमंत भार्गव को भारतीय जीवन बीमा निगम यानी LIC का अंतरिम चेयरमैन नियुक्त किया; LIC के सबसे वरिष्ठ प्रबंध निदेशक हेमंत भार्गव ने लिया सेवानिवृत्त वी.के. शर्मा का स्थान; फिलहाल LIC में उनके अलावा दो अन्य प्रबंध निदेशक हैं; सरकार शुरू कर चुकी है LIC के पूर्णकालिक चेयरमैन के चयन की प्रक्रिया
- सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस ए.के. सीकरी बने NALSA के कार्यकारी अध्यक्ष; उन्होंने हाल ही में रिटायर हुए जस्टिस मदन बी. लोकुर का स्थान लिया; भारत के मुख्य न्यायाधीश होते हैं NALSA के पदेन अध्यक्ष; हिरासत में लिये गए लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराता है NALSA; 1995 में गठित NALSA का पूरा नाम है भारतीय राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (National Legal Services Authority of India)
- केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिये राष्ट्रीय स्वास्थ्य एजेंसी को भंग करते हुए इसका पुनर्गठन कर राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण बनाने को दी मंज़ूरी; निर्णय लेने के वर्तमान बहुस्तरीय ढाँचे के स्थान पर गवर्निंग बोर्ड बनाया गया है, जिसके अध्यक्ष स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री होंगे; राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण सक्षम, कारगर तथा पारदर्शी रूप से निर्णय लेने की प्रक्रिया के माध्यम से प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना को लागू करने के लिये उत्तरदायी और अधिकृत होगा
- केंद्र सरकार ने 2017-2018 से 2019-2020 की अवधि के लिये राष्ट्रीय युवा सशक्तीकरण कार्यक्रम जारी रखने को दी मंज़ूरी; युवा मामलों एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित किया जाता है राष्ट्रीय युवा सशक्तीकरण कार्यक्रम; इस कार्यक्रम के तहत नेहरू युवा केंद्र संगठन, राष्ट्रीय युवा वाहिनी, राष्ट्रीय युवा और किशोर विकास कार्यक्रम, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, युवा छात्रावास, स्काउट और गाइड संगठनों को सहायता, राष्ट्रीय अनुशासन योजना तथा राष्ट्रीय युवा नेतृत्व कार्यक्रम नाम की 8 उप-योजनाएँ चलाई जाती हैं
- फगवाड़ा, जालंधर स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में 3 से 7 जनवरी तक हो रहा है 106वीं राष्ट्रीय विज्ञान कांग्रेस का आयोजन; प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया उद्घाटन; भविष्य का भारत: विज्ञान और प्रौद्योगिकी (Future India: Science & Technology) है इस बार की थीम; मणिपुर की राजधानी इंफाल में हुआ था 105वीं विज्ञान कांग्रेस का आयोजन; जनवरी 1914 में एशियाटिक सोसाइटी, कोलकाता में पहली बार हुआ था विज्ञान कांग्रेस का आयोजन
- उत्तर प्रदेश सरकार ने 'गौ कल्याण सेस' लगाने का किया फैसला; सड़क पर इधर-उधर घूमते आवारा गौवंश के लिये प्रदेश के हर ज़िले में गौशाला बनाने के लिये लगाया गया है सेस; प्रत्येक गौशाला में कम-से-कम 1000 आवारा पशुओं के देखभाल की होगी व्यवस्था; इनके लिये एक्साइज़ आइटमों पर आधा फीसदी, टोल टैक्स यूपी एक्सप्रेस-वे अथॉरिटी की तरफ से आधा फीसदी और मंडी परिषद की तरफ से 2 फीसदी इस फंड में डाला जाएगा; प्रदेश के सभी ग्रामीण निकायों (ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, ज़िला पंचायत) एवं शहरी निकायों (नगरपालिका, नगर निगम) में स्थायी गौवंश आश्रय स्थल बनेंगे
- चेन्नई रिफाइनरी की विस्तार परियोजना में भाग लेने की ईरान ने जताई इच्छा; ईरान पर लगे अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद ईरान की सरकारी पेट्रोलियम कंपनी (नेशनल ईरान ऑयल कंपनी) ने चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्प लिमिटेड की विस्तार परियोजना में निवेश करने का दिया संकेत; लगभग 35,698 करोड़ रुपए है इस विस्तार परियोजना की लागत
- अमेरिका और इज़राइल पक्षपात का आरोप लगाते हुए यूनेस्को से अलग हुए; संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (United Nations Educational, Scientific and Cultural Organization) है इसका पूरा नाम; द्वितीय विश्व युद्ध के बाद स्थापित यूनेस्को के संस्थापक देशों में शामिल रहा है अमेरिका; 1949 में यूनेस्को में शामिल हुआ था इज़राइल; दुनियाभर में वर्ल्ड हेरिटेज प्रोग्राम के लिये जाना जाता है यूनेस्को
- चोलेन्द्र शमशेर जे.बी. राणा बने नेपाल सुप्रीम कोर्ट के नए मुख्य न्यायाधीश; राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने 'शीतल निवास' में दिलाई शपथ; नेपाली राष्ट्रपति का सरकारी आवास है शीतल निवास; इससे पहले भारत में कानून की शिक्षा हासिल कर चुके ओम प्रकाश मिश्रा थे नेपाल के मुख्य न्यायाधीश
- ब्राज़ील में जायर बोलसोनारो ने राष्ट्रपति पद की शपथ ली; पहले सेना में कैप्टेन रहे जायर बोलसोनारो को राजधानी ब्रासीलिया स्थित नेशनल कांग्रेस में दिलाई गई शपथ; वह कंज़रवेटिव सोशल लिबरल पार्टी के सदस्य हैं; भ्रष्टाचार, अपराध और आर्थिक अव्यवस्था दूर करने के लिये दिया National Pact का सुझाव; पिछले वर्ष 28 अक्तूबर को हुए चुनाव में फर्नांडो हद्दाद को हराया था जायर बोलसोनारो ने

- प्रख्यात क्रिकेट कोच रमाकांत अचरेकर का मुंबई में निधन; 2010 में पद्मश्री और 1990 में द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित रमाकांत अचरेकर सचिन तेंदुलकर, विनोद काम्बली और अजीत अगरकर जैसे दिग्गज क्रिकेटरों के कोच रहे; दादर के शिवाजी पार्क में देते थे कोचिंग

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-03-01-2019